हादसा | छोटे भाई के लगनउत्सव कार्यक्रम के लिए सिलेंडर लेने जा रहे दो सगे भाइयों सहित चार की दर्दनाक मौत

दमोह-सागर रोड पर बांसा में ट्रक, बोलेरो और बाइक में भिड़ंत

नवभारत,दमोह. दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर बांसा में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाई सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है.सड़क हादसे के बाद देर तक जाम की हालात बन गए.वहीं घटना की स्थानीय समाजसेवी ऋषि सिंह परिहार की सूचना पर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया और तहसीलदार पारूल चौधरी सहित पुलिस मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला.जानकारी के अनुसार सागर रोड पर जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बांसा तारखेड़ा ग्राम में गुलाब बाबा मंदिर के समीप शुक्रवार शाम बोलेरो और ट्रक क्र.आर जे 19 जीजी 3100 के बीच भिड़ंत हो गई.

बाइक में सवार थे दो सगे भाई

इसी दौरान बाइक क्रं.एमपी 34एमपी 1197 सवार दो स्थानीय युवक भी बुलेरो व ट्रक में टकरा गए.तेज रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक सवार दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई.खून से लथपथ शव काफी देर तक सड़क पर ही पड़े रहे.प्राप्त जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान सूरज पिता कोड़ी अहिरवार उम्र 30 तथा जीवन पिता कोड़ी अहिरवार पिता उम्र 33 पिता पौड़ी लाल निवासी वन चौकी के पास ग्राम बांसा के रूप में हुई है.

रो-रो कर परिजनों का बुरा हाल

मृतक दोनो आपस में सगे भाई है.मृतको के पिता आर्मी से सेवानिवृत्त ने बताया उनके छोटे बेटे का आज लग्नउत्सव कार्यक्रम था, जिसके लिए वह दोनों भाई सिलेंडर लेने के लिए घर से निकले थे.इसी दौरान यह हादसा हो गया.हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

जेसीबी से रेस्क्यू ऑपरेशन किया

वहीं बोलेरो क्रमांक एमपी 34 सीए 3825 में सवार दो लोगों की गाड़ी में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई.जिन्हें बाहर निकालने के लिए जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया.

मौके पर पहुंचा पुलिस-प्रशासन

मौके पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सौरभ गंर्धव तहसीलदार रॉबिन जैन, पारूल चौधरी,यातायात दलबीर सिंह मार्को,टीआई देहात अमित गौतम,चौकी प्रभारी विक्रम दांगी और वहीं जिला अस्पताल में तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, आरआई अभिषेक जैन,परसोत्तम, गौरीशंकर सहित प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए थे.

बोलेरो सवार मृतकों की पहचान

मृतको की शिनाख्त राजू चौधरी पिता संतोष चौधरी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम भरतलाई थाना मगरोन व धर्मेंद्र पिता राघवेंद्र सिरवईया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बूढ़ा थाना मगरोन के तौर पर हुई.स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य हुआ.बोलेरो के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है.घटनास्थल पर जाम के हालात बनने से देर तक दोनों और वाहनों की लम्बी कतार लगी रही. जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा.

108 और शव वाहन पहुंचे

सड़क हादसे की जानकारी लगते ही दो 108 और शव वाहन से जिला अस्पताल लाया गया और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटाकर मृतको को दमोह भेजकर आवागमन को सुचारू कराया गया.

तहसीलदार पारूल चौधरी और ऋषि सिंह ने संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी स्थानीय ऋषि सिंह परिहार द्वारा तत्काल पुलिस प्रशासन को दी गई जहां मौके पर सबसे पहले तहसीलदार पारूल चौधरी पहुंची थी, जहां ऋषि सिंह और तहसीलदार ने ही पूरा मोर्चा संभाला और ट्रेफिक और भीड़ को कंट्रोल किया.

डॉक्टर और टीम अलर्ट रही

जिला अस्पताल में हादसे की खबर लगते ही जिला अस्पताल में ड्यूटी रत डॉक्टर दिवाकर पटेल,उमेश तंतुवाय, डॉ हेमराज,डॉक्टर सूर्यवंशी,डॉक्टर मधुर, डॉ.दिव्यांशु अवस्थी, डॉ अभिजीत सहित स्टाफ अलर्ट रहा. ताकि घायलों को तुरंत समुचित इलाज मुहैया कराया जा सके.

कलेक्टर ने प्रगट की संवेदनाएं

वहीं हादसे की खबर लगते ही दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने हेतु मदद का भरोसा दिया है. उन्होंने कहा कि सागर रोड, बासा तारखेड़ा के पास हुआ भीषण सड़क दुर्घटना अत्यंत हृदय विदारक है.इस दुर्घटना में चार लोगों की दुखद मृत्यु हुई,जिला प्रशासन,पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में जुटी रही.

दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जन गणना कार्यक्रम सम्पन्न

नवभारत,दमोह. जनगणना का उद्देश्य जनता तक ये बात पहुँचे कि ठीक तरीके से गणना को कराया जाये ताकि सरकार आगे की योजना को मूर्त रूप दे सके, योजना बना सके जिससे आगे आने वाले 10 साल में हमें क्या-क्या इस जनसंख्या के लिए या इतने घरों के लिए क्या-क्या योजना बनाना पड़ेगा। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस दमोह में आयोजित दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जन गणना के दौरान कही। दमयंती व्याख्यान माला का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण से किया गया।राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा आज से शुभ गणना और जनगणना का जो शुभारंभ किया। अभी मकानों की गणना की शुरुआत हुई है। जनगणना तो 2027 में प्रारंभ होगी।अपर कलेक्टर मीना मसराम ने देश में हुई जनगणना के सबंध में विस्तार से बताते हुए कहा अब जनगणना 2027 में होने वाली हैं, इसके संबंध में आज आप व्याख्यानमाला में जानकारी प्राप्त करेंगे। जनगणना दो प्रकार से नई है, इसमें पहली बार ऐसा हो रहा है कि सभी को अपनी स्व-जनगणना करने का मौका मिलेगा।

समाधान योजना का लाभ पहुंचाने लगाया गया शिविर

नवभारत,दमोह.मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी समाधान योजना के अंतर्गत दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता एम एल साहू ने विभाग के संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया।

प्रवेश उत्सव के बाद विद्यार्थी लापता, शिक्षक परेशान

कुम्हारी। संकुल कुम्हारी से जुड़े हुए ग्रामीण अंचलों में शालाओं का हाल कुछ इस तरह है कि शिक्षक इंतजार करते रहते हैं मगर छात्र विद्यालय नहीं पहुंचते। ऐसे में प्रवेश उत्सव के बाद छात्रों का विद्यालय नहीं आना एक अहम सवाल बन जाता है।

छात्रों को पढ़ने के लिए शिक्षक फोन लगाते हैं, घर जाते हैं, उसके बाद भी छात्र विद्यालय भी नहीं आते। पूर्व वर्षों में अप्रैल माह तक परीक्षाओं का संचालन होता था उसके बाद विद्यालय में अवकाश हो जाता, यह धारणा अभी भी छात्रों में बनी है, परीक्षा के बाद वह जुलाई माह से ही स्कूल आना चाहते हैं।हालांकि बढ़ती गर्मी और आने जाने में विभिन्न समस्याएं भी विद्यार्थियों को परेशान करतीं हैं लिहाजा यदि विद्यालय का समय सुबह से किया जाए तो सम्भवत: छात्र स्कूल आने में रूचि ले सकते हैं। इसके अलावा अक्सर कर विद्युत प्रवाह भी बंद होता है जिसके चलते भी वातावरण विद्यालय का उपयुक्त नहीं हो पाता, यह कारण भी ग्रामीण अंचलों की बड़ी समस्या है, इस पर आलाधिकारी यदि कटौती समय पर बदलाव करते हैं तो बचे हुए बाकी के दिन स्कूलों में छात्रों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

फिलहाल वर्तमान में शिक्षक स्कूल में मिलते हैं और आधे समय के बाद वह भी किसी न किसी कार्य से विद्यालय बंद करके चले जाते हैं। संकुल कुम्हारी से जुड़े प्राथमिक शाला देवरी रतन में एक छात्र का एडमिशन हुआ है।

यहां पदस्थ अतिथि शिक्षक ने जानकारी दी कि स्कूल में कुल 59, छात्र जिनमें 2 उपस्थित रहे, वही शाला पटना में 2 छात्रों का पहली कक्षा, 6वीं में 37 छात्र का एडमिशन हुआ, वहीं प्राथमिक शाला खकरा जहाँ एक छात्र नजर आया, माध्यमिक शाला बक्सरी जहाँ अतिथि शिक्षक छात्रों की राह देखते नजर आए।

कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा

नवभारत,दमोह.जिले के ग्राम बनगांव में शुक्रवार के दिन कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा की बैठकी हुई.कलश यात्रा में पीत वस्त्र धारण कर शिर पर कलश लेकर महिलाएं चल रही,गाजे-बाजे के साथ ग्राम बनगांव के मुख्य मार्गो से होकर कथा स्थल पहुंची.यह यात्रा बनगांव गांव में विराजमान खेर माता के यहां से कलश यात्रा प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंची.कथा व्यास सचिन कृष्ण शास्त्री व कथा श्रोता नीमाबाई कल्याण सिंह,कथा व्यास पंडित सचिन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि प्रथम दिन भागवत की महात्म की कथा होती है.महात्म का अर्थ है किसी को जानना पहचानना आज की कथा है जो भागवत जी को जानने की कथा है,जो सारे संसार को भा जाएं उसे कहते है भागवत,भागवत से दूर नहीं भागो जो अभी शास्त्रों में वरिष्ठ है. वो भागवत है,इसमें 335 अध्याय है 12 स्कंध है इसे सभी को श्रवण करना चाहिए.प्रथम दिन की भागवत कथा में सभी ग्रामवासी सहित महिलाएं,श्रद्धालु गण उपस्थित रहे.

डायल-112 की सक्रियता से गुम बालक सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया

नवभारत,दमोह.थाना बटियागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंज बरखेरा में 12 वर्षीय गुम बालक को डायल-112 टीम की त्वरित कार्यवाही से सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार,दिनांक 09 अप्रैल 2026 को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि एक 12 वर्षीय बालक ग्राम गंज बरखेरा में रास्ता भटक गया है तथा ठीक से अपनी जानकारी नहीं दे पा रहा है.सूचना मिलते ही पहुंची।

मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग

नवभारत,दमोह. जिले में कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर एक बार फिर बड़ा मुद्दा गरमा गया है। म.प्र. स्थाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अन्याय के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है। उनके इस तेवर के बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जल संसाधन विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों से शासकीय कार्यों के बजाय निजी कार्य कराए जाने और जबरन ड्यूटी लगाने का मामला सामने आया है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर संघ ने सीधे मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि कर्मचारियों से नियमों के विरुद्ध कार्य कराना न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह मानवाधिकारों का भी हनन है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई,तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा। मुख्य आरोप क्या हैं? कर्मचारियों से निजी कार्य कराए जा रहे हैं नियमों के विपरीत ड्यूटी लगाई जा रही है प्रशासनिक दबाव बनाकर अधिकारों का हनन संघ द्वारा इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर भी भेजी गई है, जिसमें मानव अधिकार आयोग और संभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। बड़ा सवाल: क्या कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर क्या कदम उठाता है,लेकिन फिलहाल कर्मचारियों के समर्थन में अध्यक्ष के इस आक्रामक रुख ने पूरे जिले में हलचल जरूर पैदा कर दी है।

मां की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.थाना तेन्दूखेड़ा में मां की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है.घटना 05 अप्रैल 2026 को मृतिका हल्कीबाई पति स्व. हरिराम यादव उम्र 65 वर्ष निवासी सेहरी का शव जली अवस्था में घर में होने की सूचना प्राप्त हुई थी.थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा मौके पर जाकर सूचना तस्दीक की गयी, तो पाया गया कि मृतिका के पुत्र संतोष यादव ने गांजा व शराब पीने को रुपये न देने पर से अपनी मां के हाथ पैर रस्सी से बांधकर व मुंह में कपड़ा ठूंसकर हत्या कर दी.साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव में आग लगा दिया. थाना तेन्दूखेड़ा में मृतिका के पुत्र संतोष यादव के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी की तलाश की गयी, जिसे 9 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया है.पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में,अति. पुलिस अधीक्षक सुधीर भदौरिया व एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा द्वारा टीम गठित कर आरोपी संतोष यादव निवासी ग्राम सेहरी को गिरफ्तार किया गया.सराहनीय कार्य थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा निरी. रावेन्द्र बागरी, सउनि संजय सिंह, सउनि गजराज सिंह, रहेंगें।

एक नजर में

अंजली का पुलिस कांस्टेबल में चयन

नवभारत,दमोह.देव श्री जागेश्वर धाम से महज़ दो किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बम्होरी के पूर्व सरपंच चरण सिंह के बड़े सुपुत्र नरेंद्र सिंह ठाकुर की बिटिया रानी अंजली ठाकुर का मप्र पुलिस कांस्टेबल भर्ती में 593 वीं रेंक के साथ चयनित हुई.पहली बार गांव से बेटी का पुलिस में चयन हुआ.जिससे पूरे परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की माहौल है.

एसपी ने किए फेरबदल

नवभारत,दमोह.पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने एक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की सूची जारी कर रक्षित केंद्र टीआई रचना मिश्रा को ऐजेके का थाना प्रभारी बनाया है.वहीं प्रधान आरक्षक भानु उपाध्याय को रक्षित केंद्र से थाना हिंडोरिया पदस्थ किया है.प्रधान आरक्षक जगदीश शर्मा को रजपुरा से हिंडोरिया और प्रधान आरक्षक आलोक भारद्वाज को रक्षित केंद्र से रजपुरा थाना पदस्थ किया है।

अपराध | पत्नी बोली पति को झूठा फंसाया, हमें न्याय चाहिए

दुष्कर्म के आरोपी जनपद सदस्य का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

नवभारत,दमोह. जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिक से दुष्कर्म के फरार आरोपी कूदन आदिवासी का शुक्रवार सुबह जबलपुर नाका चौकी के अंतर्गत समन्ना रेल्वे ट्रैक पर शव पड़ा मिला है.जानकारी लगते ही जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, प्रधान आरक्षक गनेश, आरक्षक रूपेश सहित पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए लाया गया. इस बीच पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी मगरोन बृजलाल पटेल भी पोस्टमार्टम गृह पहुंचे, वहां पूरी घटना कीजानकारी ली. परिजनों का कहना है कि उनके पिता पर झूठा आरोप लगाया गया है जिससे उन्होंने आत्महत्या कर ली.उन्हें न्याय चाहिए.आपको बता दें मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिक ने फतेहपुर जनपद सदस्य कूदन आदिवासी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. नाबालिक 5 माह की गर्भवती है, बुधवार दोपहर जब उसके पेट में दर्द हुआ तब घटना की जानकारी परिजनों को दी गई. परिजन मगरोन थाना पहुंचे और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई. नाबालिक को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया. हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया. पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी,शुक्रवार सुबह उसका शव मिला है. मृतक की पत्नी राधा रानी आदिवासी का कहना है कि उनके तीन बेटे हैं और 10नाती पोते हैं. नाबालिक ने उनके पति पर झूठा आरोप लगाया है.वह झूठे आरोप को नहीं झेल पाए और ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली.मृतक की बहन शारदा आदिवासी ने बताया कि उनके भाई बुधवार रात को समन्ना गांव आए थे.उन्होंने इस घटना की जानकारी दी थी.गुरुवार को उनकी भाभी भी गांव पहुंची थी.सुबह भाई घर से अचानक लापता हो गए.कुछ देर बाद समन्ना रेल्वे ट्रैक पर उनका शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गई. वह मौके पर पहुंची वह भाई के शव की शिनाख्त की गई.इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दमोह लेकर पहुंची.मृतक के बेटों ने भी कहा है कि उनके पिता पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है इसलिए उन्हें न्याय चाहिए. बेटे गुड्डा आदिवासी ने आरोप लगाया है कि चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने पिता को झूठे मामले में फसवा दिया है.वह चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए.

जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल ने बताया की समन्ना रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना मिली थी.वह मौके पर पहुंची मृतक की पहचान कूदन आदिवासी के रूप में हुई है जो दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था.पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.आगे अब पुलिस मृतक का डीएनए टेस्ट कराएगी,ताकि सच्चाई सामने आ सके.

दो युवकों ने दिखाई ईमानदारी, सड़क पर मिला मोबाइल पुलिस को सौंपा

नवभारत,हटा/दमोह. आज के दौर में जहां खोई हुई चीज़ों के वापस मिलने की उम्मीद कम ही रहती है, वहीं हटा क्षेत्र के दो युवकों ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण दिया है। ग्राम बरोदा निवासी साहिल सिंह राजपूत और आशु राजपूत ने सड़क पर लावारिस हालत में मिले मोबाइल फोन को पुलिस थाना हटा में जमा कर अपनी सच्चाई और जिम्मेदारी का परिचय दिया।

मोबाइल लेकर पहुंचे थाने

दोनों युवकों ने बताया कि वे मोटरसाइकिल से दमोह-पन्ना मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सड़क पर एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने मोबाइल उठाकर देखा तो वह रेडमी कंपनी का था, जिसकी स्क्रीन टूटी हुई थी। फोन पर लगातार कॉल आ रहे थे, लेकिन स्क्रीन खराब होने और टच काम न करने के कारण वे कॉल रिसीव नहीं कर सके और यह भी पता नहीं चल पाया कि फोन किसका है। इसके बाद दोनों युवक सीधे पुलिस थाना हटा पहुंचे और वहां नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी को मोबाइल मिलने की जानकारी दी।

पुलिस ने की सराहना

इस सराहनीय कार्य पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने दोनों युवकों की ईमानदारी की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब लोगों के मोबाइल अक्सर गुम हो जाते हैं, तब इस तरह की ईमानदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि किसी को किसी का खोया हुआ सामान मिले तो उसे संबंधित व्यक्ति या पुलिस तक पहुंचाने का प्रयास करें।